विषय: 3-5 नवंबर, 2023 तक प्रगति मैदान, दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023-समृद्धि हेतु प्रसंस्करण (Processing for Prosperity) में एपीडा की भागीदारी

प्रिय निर्यातक,

जैसा कि आपको विदित है कि भारतीय और विदेशी निवेशकों के बीच भागीदारी की सुविधा एवं व्यापार संवर्धन के लिए 3-5 नवंबर 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' का आयोजन किया जा रहा है। यह वैश्विक मूल्य खाद्य श्रृंखला के साथ-साथ खुदरा , प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी अंतरण, विनिर्माण और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स को प्रदर्शित करने, उससे जुड़ने और सहयोग करने का एक आशाजनक प्लेटफॉर्म है।

भारत को 'द फूड बास्केट ऑफ द वर्ल्ड ' बनाने के लिए कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता को ध्यान में रखते हुए, एपीडा द्वारा 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के दौरान एक प्रदर्शनी और रिवर्स बायर-सेलर मीट (आरबीएसएम) का आयोजन किया जा रहा है। आरबीएसएम भारतीय निर्यातकों और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए भारत से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की सोर्सिंग के लिए बी 2बी बैठकें करने और संभावित सहयोग पर चर्चा करने का एक विशेष अवसर होगा। इसके अंतर्गत श्री अन्न (मिलेट्स) सहित एपीडा उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन पर प्रमुख जोर दिया जाएगा।

एपीडा द्वारा इवेंट के दौरान प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक के आयोजन के लिए हॉल नं. 3 बुक किया गया है। एपीडा द्वारा क्रेता-विक्रेता बैठक में भाग लेने के लिए प्रमुख आयातक देशों के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को आमंत्रित करने की योजना भी बनाई जा रही है।

इस संबंध में , एपीडा, एपीडा पवेलियन के तहत 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' में भागीदारी के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों, एफपीओ, एफपीसी और श्री अन्न (मिलेट्स) स्टार्ट अप्स से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

इच्छुक निर्यातक अपना आवेदन संलग्न प्रारूप में 31 जुलाई 2023 तक जमा कर सकते हैं। भागीदारी शुल्क फ्लोर प्लान को अंतिम रूप दिए जाने पर बाद सूचित किया जाएगा। सीमित स्थान को ध्यान में रखते हुए, पात्र आवेदकों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर या समिति द्वारा तय किए गए मानदंडों के आधार पर स्टॉल आवंटित किया जा सकता है। स्टॉल/बूथ, स्थान आदि का आवंटन एपीडा के विवेक पर किया जाएगा।

भागीदारी के लिए अनुरोध निम्नलिखित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना अपेक्षित है।
https://forms.gle/4XsP7zoJ2EEnVsvH7 .

किसी भी प्रश्न के मामले में, apedawfi2023@apeda.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है।

धन्यवाद।

भवदीय,

डॉ. तरुण बजाज
निदेशक